भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4092
दिनांक 19 दिसंबर, 2024

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि

4092. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी लाने के लिए कोई कदम उठा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत दस वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कितनी वृद्धि हुई है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख): पेट्रोल और डीजल के मूल्य बाजार निर्धारित है और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य पर उचित निर्णय लेती है।

केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दो बार नवंबर, 2021 और मई, 2022 में क्रमशः 13 रुपए/लीटर और 16 रुपए/लीटर की कमी है, जिसका लाभ उपभोक्ताओं को पूर्णतः प्राप्त हुआ था, जिसके परिणाम स्वरुप घरेलू तौर पर, पेट्रोल और डीजल के मूल्य घटकर क्रमशः 94.77 रुपए/लीटर और 87.67 रुपए/लीटर हो गए हैं। (दिल्ली में मूल्य)। कुछ राज्य सरकारों ने भी नागरिकों को राहत पहुँचाने के लिए राज्य वैट की दरों को कम कर दिया था।

सरकार ने आम नागरिको को उच्च अन्तरराष्ट्रीय मूल्यों से सुरक्षित रखने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए हैं, जिनमें कच्चे तेल की आयात बास्केट में विविधता लाना, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता

सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व के प्रावधानों को लागू करना, पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण बढ़ाना आदि शामिल है।

मार्च, 2024 में, ओएमसीज ने पेट्रोल और डीजल के खुदरा मूल्यों में 2 रुपए/ लीटर की कमी की है। यह कमी नागरिकों की प्रयोज्य आय, न्यूनतम लागत और उपभोक्ता के खर्च को बढाने में सहायक है।

वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने अंतर-राज्य भाड़े का युक्तिकरण किया है। इससे राज्यों के भीतर सुदूर भागों में, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी के रुप में पेट्रोलियम ऑयल और ल्यूब्रिकेंट (पोओएल) डिपो से दूर रहने वाले उपभोक्ताओं को लाभ मिला है। इस पहल ने राज्य में पेट्रोल या डीजल के अधिकतम और न्यूनतम खुदरा मूल्यों का अंतर भी कम कर दिया है।

(ग): वर्ष 2014-15 से दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के औसत खुदरा बिक्री मूल्यों (आरएसपी) के वर्ष-वार ब्यौरे अनुलग्नक में है।

*****

अनुलग्नक

"पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि" के संबंध में श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4092 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के वार्षिक औसत खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी)

(रुपए/लीटर)

वर्ष	पेट्रोल का औसत आरएसपी	डीजल का औसत आरएसपी
2014-15	66.37	53.38
2015-16	61.59	47.01
2016-17	64.61	53.24
2017-18	69.20	58.78
2018-19	75.37	68.22
2019-20	72.69	65.78
2020-21	80.84	73.58
2021-22	98.05	87.42
2022-23	97.90	90.58
2023-24	96.63	89.53
2024-25 (दिनांक 10 दिसंबर, 2024 तक)	94.73	87.63

स्रोतः पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ

****